# University in News on 17 October 2021

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

## i-NEXT PAGE IV

### एलयू अपने टॉपर्स को करेगा सम्मानित

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (16 Oct):** लखनऊ यूनिवर्सिटी इसी वर्ष नवंबर माह में अपने सौ वर्ष पूरे करने जा रही है. ऐसे में बीते एक साल से चले रहे शताब्दी समारोह में यूनिवर्सिटी अपने टॉपर्स स्टूडेंट्स को इस बार सम्मानित करेगी. लखनऊ यूनिवर्सिटी बीते छह वर्षों पढ़ाई पूरी करके निकले और बेहतर प्लेसमेंट पाने वाले स्टूडेंट्स को इस दौरान सम्मानित करेगी. इसके लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी ने स्टूडेंट्स से 20 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन भी मांगे हैं.

#### नैक मूल्यांकन को भेजेंगे

लखनऊ यूनिवर्सिटी की डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि लखनऊ यूनिवर्सिटी ने उन स्टूडेंट्स को शताब्दी वर्ष में सम्मानित करने का निर्णय लिया है, जिन्हें पिछले छह वर्षों 2015 से 2021 के दौरान, निजी या सरकारी नौकरियों के लिए चुना गया है. ऐसे सभी पूर्व स्टूडेंट्स 20 अक्टूबर तक गूगल फॉर्म **https://forms.gle/tw6yoPLBrhyzBjDk6** के जरिए इसके लिए आवेदन कर सकते हैं. आवेदन करने वाले स्टूडेंट्स को अपने अवॉर्ड, मेडल, रिसर्च आदि की जानकारी भी साथ ही भेजनी है. यह सभी जानकारियां लखनऊ यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जारी की जाएंगी और नैक मूल्यांकन के लिए भी भेजी जाएंगी.

### काउंसिलिंग में 25 नए कॉलेज शामिल किए गए

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (16 Oct):** प्रदेश में बीएड की काउंसिलिंग में 25 नए कॉलेजों को शामिल किया गया है. ये सभी कॉलेज फैजाबाद यूनिवर्सिटी, आगरा यूनिवर्सिटी, कानपुर यूनिवर्सिटी और झांसी यूनिवर्सिटी से संबद्ध हैं. बीएड स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रो. अमिता वाजपेई ने बताया कि करीब 1500 सीटें शामिल हो रही हैं. शनिवार को काउंसिलिंग फीस जमा करने का अंतिम दिन था. अब खाली सीटों की रिपोर्ट बनाई जाएगी.

**बीएड में पूल काउंसिलिंग से इन कॉलेजों में भरी जाएंगी सीटें**

#### पूल काउंसिलिंग में मौका

नए जुड़े कॉलेजों की सीटों को जोड़ते हुए 22 अक्टूबर को शुरू हो रही पूल काउंसिलिंग में कैंडीडेट्स को इन नए कॉलेजों को विकल्प के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा. एलयू के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिन कैंडीडेट्स को किसी भी चरण में सीट आवंटित हुई है और वे सीट कंफर्मेशन फीस जमा नहीं कर पाए हैं, वे पूल काउंसिलिंग में शामिल हो सकते हैं.

## JAGRAN CITY PAGE I

### पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित करेगा लखनऊ विश्वविद्यालय

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय अपने उन पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगा, जिनका चयन 2015 से 2021 के बीच निजी या सरकारी सेवा में हुआ है। ऐसे पूर्व विद्यार्थियों को गूगल फार्म https://t.co/CN®CxSLmQB पर 20 अक्टूबर से पहले आवेदन करना होगा।

विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय अपने 100 वर्ष पूरे कर चुका है । विश्वविद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं। उन पूर्व छात्र-छात्राओं को शताब्दी वर्ष में सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।



**फार्म में दें ये जानकारी**

नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल आइडी, लखनऊ विश्वविद्यालय से आखिरी कोर्स का नाम, कोर्स पूरा करने का वर्ष, नौकरी में पद, नौकरी वाली कंपनी का नाम सहित विवरण, नियुक्ति पत्र।

**900 विद्यार्थियों का विवरण तैयार:** प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि विश्वविद्यालय ये समारोह पिछले वर्ष आयोजित करना चाहता था। तब 2015 से 2020 तक के ऐसे स्टूडेंट्स से आवेदन लिए गए थे। करीब 900 विद्यार्थी फार्म भरे थे, लेकिन कोविड महामारी कि वजह से आयोजन नहीं हो सका। जिन्होंने फार्म भर दिया है, उन्हें दोबारा आवेदन नहीं करना होगा। 20 अक्टूबर तक जितने भी फॉर्म भरे जाएंगे, उन सभी को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह नवंबर में किया जाने पर विचार किया जा रहा है।

### नैक के लिए मांगा छात्रों से अवार्ड का ब्योरा

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) के लिए छात्र-छात्राओं से उनके द्वारा जीते गए अवार्ड, मेडल आदि की सूचना देने के लिए कहा है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि ऐसे छात्र-छात्राएं, जिन्होंने इंटर यूनिवर्सिटी लेवल पर स्पोर्ट्स, कल्चरल एक्टिविटी के साथ-साथ राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इवेंट में अवार्ड या मेडल जीते हैं, वे 18 अक्टूबर तक https://forms.gle/tLtewsczSTcMvp पर विवरण अपलोड करें। इसके अलावा पिछले पांच साल में रिसर्च अथवा इनोवेशन में अवार्ड पाने वाले पोस्ट डाक्टोरल फैलो, रिसर्च स्कालर्स को https://forms.gle/mnryvprahizru पर विवरण अपलोड करने के लिए कहा गया है।

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

**पीएचडी प्रवेश के लिए विभिन्न विषयों का रिजल्ट जारी :** लखनऊ विश्वविद्यालय की रेगुलर फुल टाइम पीएचडी प्रवेश (सत्र 2020-21) की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर हिंदी समेत कई विषय के चयनित अभ्यर्थियों की सूची शनिवार को जारी कर दी गई। अभ्यर्थी लविवि की वेबसाइट पर जाकर सूची देख सकते हैं प्रवेश के सभी विषयों, जिनकी चयनित सूची जारी की जा चुकी है जिसकी फीस जमा करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2021 कर दी गयी है।

## AMRIT VICHAR PAGE 2

### लविवि ने जारी किया पीचएडी हिंदी का परिणाम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की रेगुलर फुलटाइम पीएचडी प्रवेश लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के आधार पर हिन्दी के चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर में पीएचडी प्रोग्राम में जाकर सूची देख सकते हैं। चयनित अभ्यर्थी शनिवार से 20 अक्टूबर तक अपने लॉग-इन आईडी का प्रयोग करके ऑनलाइन फीस जमा कर सकते हैं। पीएचडी प्रवेश के जिन विषयों की चयनित सूची जारी की जा चुकी है, उन सभी अभ्यर्थियों के लिए फीस जमा करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर कर दी गई है।

### लविवि के शताब्दी समारोह में सम्मानित होंगे पूर्व छात्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय इस वर्ष अपने 100 वर्ष पूरे कर चुका है । एक सदी से इस विद्या स्थल ने राष्ट्र और देशवासियों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कर्मरत महारथी दिये हैं। इन 100 वर्षों की छात्रों की उत्कृष्टता को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि विश्वविद्यालय ने उन पूर्व-छात्रों को शताब्दी वर्ष में सम्मानित करने का निर्णय लिया है, जिन्हें पिछले छः वर्षों (2015-2021) के दौरान, निजी या सरकारी नौकरी के लिए चुना गया है। लेकिन इससे पहले पूर्व छात्रों को 20 अक्टूबर तक गूगल फॉर्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर भरना होगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।